राजस्थान सरकार
सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग
जी–3/1 अम्बेडकर भवन, राजमहल पेलेस के पास, जयपुर

क्रमांक एफ. 1 (8)( )सामा./सान्याअवि/2022/15062 जयपुर, दिनांक :– 22.3.2022

आयुक्त,
सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग,
राजस्थान, जयपुर

विषयः– अम्बेडकर पुरस्कारों के लिए विज्ञप्ति प्रकाशित करवाने बाबत।

महोदय,

उपरोक्त विषयान्तर्गत निवेदन है कि विभाग द्वारा भारत रत्न डॉ0 भीमराव अम्बेडकर पुरस्कार वर्ष–2022 का वितरण किया जावेगा। अतः संलग्न विज्ञप्ति को राजस्थान पत्रिका एव दैनिक भास्कर के राजस्थान से प्रकाशित सभी संस्करणों में डी.आई.पी.आर. द्वारा निर्धारित साईज में डी.पी.आर. द्वारा निर्धारित दरों पर प्रकाशित करवाकर बिल दो प्रतियों में भिजवाने का कष्ट करावें।

संलग्न :– उपरोक्तानुसार

भवदीय

(ओ.पी. बुनकर)
निदेशक एवं संयुक्त शासन सचिव

क्रमांक एफ. 1 (8)( )सामा./सान्याअवि/2022/15063-67 जयपुर, दिनांक :– 22.3.2022

प्रतिलिपि निम्न को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतुः–

1. उप निदेशक (आई.टी.), मुख्यावास को विभागीय वेबसाईट पर मय गाईड लाईन अपलोड करने बाबत।
2. सहायक निदेशक, विज्ञापन प्रशाखा, डी.आई.पी.आर., राजस्थान जयपुर।
3. उप निदेशक (प्रचार) मुख्यावास को विज्ञप्ति जारी करवाने हेतु।
4. सहायक लेखाधिकारी (भुगतान) मुख्यावास को दो अतिरिक्त प्रतियों में।
5. स्टोर कीपर, मुख्यावास।

अति. निदेशक (सतर्कता एवं प्रशासन)

राजस्थान सरकार
सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग
जी–3/1 अम्बेडकर भवन, होटल राजमहल पेलेस के पास, जयपुर

क्रमांक :–एफ. 1 (8)( )सामा./सान्याअवि/2022/15068 जयपुर, दिनांक :– 22.3.2022

विज्ञप्ति

इस विभाग द्वारा वर्ष 2022 के राज्य स्तरीय अम्बेडकर पुरस्कारों के लिये पूर्व में जारी विज्ञप्ति संख्या 7472 एवं जिला स्तरीय अम्बेडकर पुरस्कारों के लिये जारी विज्ञप्ति संख्या 7465 दिनांक 11/02/2022 के माध्यम से अम्बेडकर पुरस्कारों के लिये इच्छुक व्यक्तियों एवं स्वयं सेवी संस्थाओं से दिनांक 10/03/2022 तक जिला कार्यालयों एवं निदेशालय, सान्याअवि, जयपुर में प्रस्ताव आमंत्रित किये गये थे। अब राज्य स्तरीय पुरस्कार हेतु आवेदन पत्र निदेशालय, सान्याअवि, जयपुर एवं जिला स्तरीय पुरस्कार हेतु आवेदन पत्र इस विभाग के संबंधित जिला कार्यालयों में **दिनांक 30/03/2022** तक जमा कराये जा सकते हैं।

राज्य स्तरीय अम्बेडकर पुरस्कारों हेतु व्यक्तिगत पुरस्कार के लिये व्यक्ति विशेष की न्यूनतम आयु 40 वर्ष से कम स्वीकार्य नहीं होगी। अम्बेडकर न्याय पुरस्कार के लिये वर्ष 2021 एवं 2022 के लिये पृथक–पृथक् आवेदन किया जा सकेगा। गत वर्षो में पुरस्कृत संस्था/व्यक्ति आवेदन नहीं करें। मूल विज्ञप्ति, पुरस्कारों से संबंधित दिशा–निर्देश एवं आवेदन पत्र विभागीय वेबसाईट www.sje.rajasthan.gov.in एवं जिले के जिलाधिकारी, सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग के कार्यालय से प्राप्त किये जा सकते हैं।

(ओ.पी. बुनकर)
निदेशक एवं संयुक्त शासन सचिव